14.11 hrs.

The Lok Sabha re-assembled after Lunch at eleven minutes

past Fourteen of the Clock.

(Shrimati Margaret Alva in the Chair)

Title: Further consideration and passing of the Inter-State Water Disputes (Amendment) Bill, 2001 moved by Shri Arjun Charan Sethi on the 24th July, 2001 (Concluded.)

MR. CHAIRMAN : We will now continue with the discussion which was going on, on the Inter-State Water Disputes (Amendment) Bill.

We have only 28 minutes left for discussion on this Bill. ...(*Interruptions*)

I am just pointing out to the House the facts. Two hours' time was allotted for discussion on this Bill. There are 28 minutes left for the discussion. It is for the House to decide what it wants to do.

Dr. Raghuvansh Prasad Singh was on his feet. He may resume his speech.

डॉ. रघुवंश प्रसाद सिंह (वैशाली) : सभापति महोदय, अन्तर्राज्यिक जल-विवाद विधेयक पर बहस चल रही है। सरकार ने दावा किया कि 1956 का इससे संबंधित पहले से कानून है लेकिन सरकारिया कमीशन की अनुशंसा के मुताबिक यह संशोधन विधेयक लाया गया है। सरकार ने दावा किया है कि विभिन्न राज्यों के बीच नदियों का पानी इधर से उधर जाता है तो विवाद होता है। इस विवाद का हल निकालने में इस विधेयक से मदद मिलने वाली है।

सभापति महोदय, दुनिया में दो तिहाई पानी है, एक तिहाई जमीन है और दो तिहाई पानी में 97 परसैंट नमकीन तथा खारा पानी है। केवल तीन परसैंट मीठा पानी है जो नदी का पानी और जमा किया वार्ा का पानी है। इसे लेकर झगड़े होते हैं। अभी तक के इतिहास के मुताबिक जिन नदियों का पानी समुद्र में बह गया उसे लेकर खून बहा, मारकाट हुई और लूटमार हुई। सरकार ने दावा किया कि इस विधेयक से ऐसे विवाद हल होंगे। कुछ अन्तर्राट्रीय नदियां भी हैं - जैसे हिमालय से आने वाली नदियां हैं। यदि उत्तर प्रदेश से शुरु किया जाए तो करनाली, सरयू नदी है, बिहार में कमलाबागान, भूतही, बागमती, गंडक, कोसी नदियां हैं। तिसता और ब्रह्मपुत्र अन्तर्राट्रीय नदियां है। कुछ बंगलादेश से नदियां आती हैं। गर्मियों में जब पानी की जरूरत होती है तो कम पानी आता है लेकिन वहां से बरसात के दिनों में पानी ज्यादा आता है। इस कारण बाढ़ से कुछ राज्य प्रभावित होते हैं और बड़ी बरबादी होती है। अन्तर्राट्रीय नदियों के पानी को लेकर कई वार्ों से विवाद चल रहे हैं। बागमती के ऊपर नूंथर, करमईया है। वहां एक जगह बैराज और दूसरी जगह डैम बना दिया यानी एक जगह जल एकत्र करके और दूसरी जगह पानी का उधर से उधर बंटवारा करके।

जब गर्मी के दिन होते तो पानी इक्ट्टा रखते लेकिन बरसात के दिनों में छोड़ देते। इसलिये हिमालय से आने वाली सभी नदियां उत्तर प्रदेश, बिहार के सब ऐरियाज को जल-प्लावित कर देती हैं। इन अंतर्राट्रीय नदियों की बाढ़ से भीाण क्षति होती है।

सभापति महोदय, पौराणिक इतिहास बताता है कि भगीरथ ने पहले इस दिशा में प्रयत्न किया और ब्रह्मा जी से प्रार्थना की। उसके बाद यहां जब गंगा नदी बहे, उसका पानी ज्यादा बर्बाद न हो, इसके लिये शिव जी से प्रार्थना हुई तो उन्होंने उसे अपनी जटाओं में रोक लिया ताकि पानी बर्बाद न हो। मैं सरकार से पूछना चाहता हूं कि क्या यह विधेयक इस तरह का है जैसा शिव जी ने पानी को बर्बाद होने से रोक लिया? नहीं, यह नहीं रोक सकेगा। इसलिये अंतर्राट्रीय समझौता होना चाहिये। नेपाल-भारत के बीच पानी का सवाल उठता है। वह समझौता होना चाहिये। श्री कर्पूरी ठाकुर समाजवादी नेता थे और स्वंतंत्रता संग्राम सेनानी थे। वे बराबर कहा करते थे कि जब तक नेपाल-भारत के बीच में अंतर्राट्रीय समझौता नहीं होगा तब तक बिहार और उत्तर प्रदश के सीमावर्ती इलाके बाढ़ से बर्बाद होते रहेंगे। इसलिये सरकार इस संबंध में स्पट करे कि क्या इस तरह का कोई समझौता हो सकेगा क्योंकि राज्य सरकारों के पास यह शक्ति नहीं है। यह कार्य विदेश विभाग के जिम्मे है। यहां जल संसाधन मंत्री जी बैठे हुये हैं। उनकी यह जिम्मेदारी बनती है। वह समझौता कब होगा? इस पानी से अपने देश में पनबिजली का काम हो सकता है और डैंम बनाया जा सकता है।

सभापति महोदय, मैं सरकार से यह भी जानना चाहूंगा कि इस विधेयक के माध्यम से अंतर्राट्रीय नदियों के पानी की बर्बादी रुक जायेगी? उसके लिये सरकार के पास क्या योजना है? क्या इसके लिये आफिसरों तथा इंजीनियरों से बातचीत की गई है? आप इसका पूरा उपाय क्या करने वाले हैं?

सभापति महोदय, मैं अब अंतर्राज्यीय जल विवाद का मामला उठाना चाहता हूं। गंगा नदी हिमालय से चलती है और हरिद्वार होते हुये बिहार और फिर बंगाल में आकर फरक्का होते हुये सुमुद्र में मिल जाती है। अब बंगला देश के साथ फरक्का के संदर्भ में समझौता किया गया, लेकिन बिहार को बीच में छोड़ दिया गया। मैं इस ि वधेयक के माध्यम से यह सवाल उठाना चाहता हूं कि गंगा का जो पानी पवित्र होता है और जिस देश के लिये कहा गया है:" हम उस देश के वासी हैं, जिस देश में गंगा बहती है" जो पानी स्वच्छ, निर्मल है,क्या उसके लिये विवाद उठ खड़ा हो। इन राज्यों के बीच में पानी के बटवारे को लेकर झगड़ा हो और बाढ़ के कारण भू-कटाव हो। कहीं एक राज्य इस तरफ है और दूसरा राज्य उस तरफ है, बीच में नदी बह रही है। भू-कटाव के कारण एक तरफ प्रोटैक्शन हो जोता है तो दूसरी तरफ नहीं होता। इससे दो राज्यों के बीच में विवाद खड़ा हो जाता है। क्या इन विवादों को हल करने के लिये इस विधेयक में इस बात का प्रावधान किया गया है? मैं समझता हूं कि नहीं किया गया है। मेरा यही कहना है कि इस विवाद को सुलझाने के लिये ऐसी स्थिति में दोनों राज्यों में बाढ़ से प्रोटैक्शन के लिये प्रावधान किया जाना चाहिये। अगर यह व्यवस्था होती तो बिहार के बक्सर और साहिबगंज क्षेत्रों में नदी से कटाव न होता, घर बर्बाद नहीं होते और गरीब लोगों को पुनर्वास के लिये दूसरे स्थानों पर न दौड़ना पड़ता।

इसलिए गंगा नदी वाला विवाद है और अन्य राज्यों से संबंधित विवाद हैं जैसे कर्नाटक, तमिलनाडु, आन्ध्र प्रदेश में कावेरी विवाद है और अन्य नदियों पर भी विवाद

चलते रहते हैं जिनके कारण कभी-कभी दो राज्यों के बीच में लड़ाई की संभावना बन जाती है। इसलिए अन्तर्राज्यीय जल विवाद विधेयक में न्यायाधिकरण बनाने का प्रावधान है, ताकि सीमित समय में इनका निपादन हो जाए, नहीं तो वर्षों-वर्षों तक ये पड़े रहते हैं और राज्यों के बीच में विवाद होते रहते हैं। इसलिए मै अपेक्षा करता हूं कि एक काम्प्रीहेन्सिव बिल आना चाहिए जिससे अन्तरराज्यीय नदियों से होने वाली क्षति, बरबादी तथा विवाद का निपटारा हो सके। इसके अलावा दो राज्यों के बीच नदियां एक राज्य से दूसरे राज्य में होकर गुजरती हैं, उसका निपादन भी होना चाहिए।

सभापति महोदय, हमारी सरकार से अंतिम प्रार्थना है कि देश में नदियों के पानी की बरबादी होती है, उस पानी से हमें लाभ हो सकता है, लेकिन हम वह लाभ नहीं उठा पा रहे हैं। हमारे देश में लाखों-लाख मेगावाट पनबिजली उत्पादन करने की क्षमता है। लेकिन सरकार की नीति के अन्तर्गत पनबिजली की उपेक्षा की जा रही है। इस कारण भी नदियों के पानी की बरबादी होती है और जो उसका लाभ होना चाहिए, वह नहीं मिल पाता है। इसलिए मैं सरकार से आग्रह करना चाहता हूं कि पनबिजली को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जानी चाहिए। खास तौर से पूर्वोत्तर के राज्यों में लाखों-लाख मेगावाट पनबिजली की क्षमता है। सिक्किम, अरुणाचल और नगालैंड राज्यों की नदियों में बहुत क्षमता है। इन नदियों का पानी हिमालय से होकर ऊपर से नीचे की ओर आता है, उस पर विभिन्न जगहों पर छोटे-छोटे डैम बनाकर पनबिजली का उत्पादन हो सकता है। इसलिए इसे सर्वोच्च प्राथमिकता दी जानी चाहिए और पनबिजली का ज्यादा से ज्यादा उत्पादन होना चाहिए।

सभापति महोदय, बाढ़ से सुरक्षा और पीने का पानी ये मुख्य मुद्दे हैं। बाढ़ में नदियों से पीने का पानी मिलता है। लोग उसे साफ करके पीने के पानी के रूप में इस्तेमाल करते हैं, उसका भी प्रबन्ध होना चाहिए। लेकिन सर्वोच्च प्राथमिकता पनबिजली, बाढ़ से सुरक्षा, सफाई और पीने का पानी को देना चाहिए। चार तरह इस्तेमाल हो सकता है। इनकी अन्तर्राज्यीय जल विवाद विधेयक से हम अपेक्षा करते हैं। इसमें एक प्रावधान और होना चाहिए कि जो प्रकृति प्रदत्त नदियां हैं, उन नदियों की बाढ़ से देश के प्रभावित लोगों को सुरक्षा मिलेगी और इसका सदुपयोग भी हो सकता है। इन्हीं शब्दों के साथ मैं अपेक्षा करता हूं कि माननीय मंत्री जी हमारे एरिया में जो एक लाख एकड़ में जल का कटाव होता है, उसे रोकने की कुछ व्यवस्था करेंगे और गंडक और कोसी नदियों के बारे में भी सोचेंगे कि ये नदियां भी ठीक ढंग से लोगों का हित करें। इतना कहकर मैं अपनी बात समाप्त करता हूं।

SHRI PRIYA RANJAN DASMUNSI (RAIGANJ): Madam Chairperson, I would just like to convey one point, through you, to the hon. Minister of Parliamentary Affairs. We are very keen that this legislation is passed today. As we could not transact any Government business for the last few days, we would like to co-operate with you. There are two or three important speakers to participate in this debate. They may not be given much time. If you can close this debate by 3 p.m. and the hon. Minister can reply before the Private Members' Business begins, then we can pass this Bill today itself. This is my request through you to the hon. Minister of Parliamentary Affairs.

MR. CHAIRMAN : What does the Government have to say on this request?

THE MINISTER OF PARLIAMENTARY AFFAIRS AND MINISTER OF INFORMATION TECHNOLOGY (SHRI PRAMOD MAHAJAN): I have nothing to say. This is a very small Bill going on for the last two to three days.

MR. CHAIRMAN: This is a small Bill but every State seems to have a stake in whatever they want to say.

...(*Interruptions*)

SHRI PRAMOD MAHAJAN: Three-fourths of the earth is water. My only request to you is that reply and passing of the Billâ€¦....(*Interruptions*)

MR. CHAIRMAN: Yes, we will pass it.

...(*Interruptions*)

SHRI PRIYA RANJAN DASMUNSI : The Bill may be passed todayâ€¦â€¦ (*Interruptions*)

MR. CHAIRMAN: The hon. Speaker had a meeting with the Leaders of all political parties and he will make an announcement at 2.30 p.m. about the decision taken regarding the demand of a JPC.

I would request the Members to be brief because of the decision taken that the Bill has to be passed today.

...(*Interruptions*)

MR. CHAIRMAN : According to today's Revised List of Business, we have to take up Private Members' Business at 3.00 p.m. because there is a Half-an-hour Discussion at 5.30 p.m. So, we are starting it at 3.00 p.m.

SHRI PRIYA RANJAN DASMUNSI : If the House agrees, the half-an-hour discussion can be taken up at 6.00 p.m.

Shri Adhir Chowdhary in whose name the Half-an-hour Discussion is listed today, is also ready for the extension.

SHRI ADHIR CHOWDHARY (BERHAMPORE, WEST BENGAL): Mr. Chairman, I agree with the proposal of Shri Priya Ranjan Dasmunsi.

MR. CHAIRMAN: Is that the sense of the House?

SEVERAL HON. MEMBERS: Yes.

MR. CHAIRMAN: If that is the sense of the House, so be it.

Dr. Laxminarayan Pandeya.

डॉ.लक्ष्मीनारायण पाण्डेय (मंदसौर) : माननीय सभापति महोदय, हम एक अत्यंत महत्वपूर्ण विधेयक पर चर्चा कर रहे हैं जिसके जरिये विभिन्न राज्यों में जो नदी जल विवाद होते हैं, उनका निपटारा करने में, चाहे अधिकरण द्वारा वे निर्णीत किये जाने हों, पंचाट द्वारा निर्णीत किये जाने हों, एक लंबा समय लग जाता है। , प्रक्रिया बहुत लंबी होती है। इस कारण कई राज्यों में आपस में तनाव पैदा होते हैं, मनमुटाव पैदा होते हैं और कई बार ऐसे मामले उच्च न्यायालय या माननीय सर्वोच्च न्यायालय तक चले जाते हैं और उस कारण जो लाभ मिलना चाहिए नदी जल का, वह नहीं मिल पाता। फिर चाहे इस प्रकार के विवाद हरियाणा-राजस्थान के बीच में हों, तमिलनाडु-केरल-पांडिचेरी के बीच में हो, या मध्य प्रदेश और राजस्थान के बीच में हों। मध्य प्रदेश और राजस्थान के बीच में भी इस प्रकार का एक विवाद है। मध्य प्रदेश में गांधी सागर बांध का निर्माण हुआ और उसके बाद उसका पानी राजस्थान होते हुए मध्य प्रदेश में पहुंचा। लेकिन आज स्थिति यह बन गई है कि मध्य प्रदेश को जो पानी का लाभ मिलना चाहिए, वह न मिलकर बीच में नहरें तोड़कर राजस्थान वाले उसका उपयोग करते हैं और जो मध्य प्रदेश के लोग विस्थापित हुए हैं, लगभग 40-45 र्वा बीत जाने के बाद भी वे विस्थापित दर-दर की ठोकरें खा रहे हैं, उनको कोई लाभ नहीं है और दूसरी तरफ उसका समुचित समाधान नहीं है। पंचाट में भी मामले गए लेकिन उनका निर्णय नहीं हो सका।

जो वर्तमान अधिनियम है, यह 1956 का बना हुआ है, संविधान की धारा 262 के तहत, और इसलिए इसके बारे में कई बार विचार-विमर्श हुआ। जब सरकारिया कमीशन ने इस बारे में विचार किया तो उन्होंने कहा कि इस पर फिर से विचार किया जाए और इसमें इस प्रकार से संशोधन किया जाना चाहिए कि निर्णयों में लंबा समय नहीं लगे और वह अवधि कम करके तीन र्वा के अंदर निर्णय किये जाने चाहिए। इस प्रस्तुत विधेयक में इस प्रकार समयावधि तय करने की बात की गई है और कहा गया है कि जो ऐसे पंचाट बने या अधिकरण बने उनका दायित्व होना चाहिए कि पारस्परिक समझौते द्वारा इस प्रकार का निर्णय करे।

हम सब इस बात से अच्छी तरह से परिचित हैं कि जल एक राट्रीय संपदा है। माननीय प्रधान मंत्री जी ने भी, जल संसाधन के संबंध में जो बैठक हुई थी, उसमें अपने विचार व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा था कि क्या इस बारे में कोई नयी परिकल्पना की जा सकती है, नया विचार किया जा सकता है और उन्होंने इस बात का संकेत दिया था कि वास्तव में इस बारे में गंभीरतापूर्वक सोचकर कोई निर्णय हमें करना होगा। आज भी एक नयी स्थिति उत्पन्न हुई है उड़ीसा और छत्तीसगढ़ राज्यों के बीच में। छत्तीसगढ़ नया राज्य बना है लेकिन उन दोनों राज्यों के बीच में जो इंद्रावती नदी है, उसके जल को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। इसके लिए जो सुझाव यहां पर प्राप्त हुआ है केन्द्रीय जल प्राधिकरण के गठन का, वह मैं समझता हूं कि उपयुक्त होगा और हम उस बारे में आगे विचार करें तो निश्चित रूप से उसको मूर्त रूप दे सकेंगे।

जल एक तरफ तो बाढ़ के कारण तबाही मचा देता है और दूसरी ओर जब जल को बांध में बांधा जाता है और सीमित उपयोग किया जाता है तो निश्चित रूप से पंजाब और हरियाणा जैसे प्रदेश हरित प्रदेश होकर देश की संपदा को बढ़ाने वाले वाले बन जाते हैं और इस रूप में जल का ठीक से उपयोग होना चाहिए।

सभापति महोदय, चाहे कावेरी-कृणा का विवाद हो, चाहे गंगा-कावेरी को लिंक करने का विवाद हो, बहुत पहले गंगा-कावेरी को लिंक करने की बात कही गई थी, वह बहुत लम्बी योजना है, वह बहुत खर्चीली योजना है, अरबों रुपए की योजना है, लेकिन उसके पीछे भी एक परिकल्पना थी कि किस प्रकार से एक क्षेत्र को दूसरे क्षेत्र से जोड़ा जा सकता है। ठीक इसी प्रकार से मध्य प्रदेश के अंदर क्षिप्रा नदी बहती है, चम्बल नदी बहती है और नर्मदा नदी भी बहती है। हम नर्मदा को क्षिप्रा तक, क्षिप्रा को चम्बल तक लाकर एक ऐसी नदी जलधारा प्रस्तावित कर सकते हैं, प्रस्तुत कर सकते हैं जिससे सारे मध्यभारत और मालवा क्षेत्र को लाभ होगा और उससे नीचे राजस्थान तक के भाग को लाभान्वित किया जा सकता है। ये कुछ ऐसी परियोजनाएं हैं जिनकी ठीक से कार्यान्विति होनी चाहिए।

सभापति महोदया, कभी-कभी इन परियोजनाओं की ठीक प्रकार से कार्यान्विति नहीं होती है। कभी-कभी इन परियोजनाओं को लेकर जो बांध निर्मित होते हैं उनको लेकर आपस में बड़ा विवाद होता है। कभी बांध की ऊंचाई को लेकर और कभी किसी अन्य बात पर निरन्तर विवाद होता रहता है। नर्मदा सरोवर योजना के बांध को लेकर प्रदर्शन हो रहे हैं, सर्वोच्च न्यायालय तक मामले जा रहे हैं। एक तरफ बांध की ऊंचाई को रोके जाने के बारे में कहा जा रहा है, तो दूसरी ओर बांध की ऊंचाई को बढ़ाए जाने के बारे में निरंतर तर्क दिए जा रहे हैं और नदी का जल बहता चला जा रहा है। नर्मदा सरोवर से मध्य प्रदेश को लाभ है, लेकिन उससे गुजरात को बहुत बड़ा लाभ होने वाला है। वह गुजरात की जीवन रेखा बनेगा।

सभापति महोदया, जैसा मैंने बताया, विभिन्न प्रदेशों के लोग अपने-अपने हित की दृटि से उसको देखते हैं और उस पर विचार करते हैं। कुछ काम ऐसे भी हैं जो ठीक समयावधि में पूरे होने चाहिए, वे पूरे नहीं हो रहे हैं।चाहे फिर वह बाण सागर परियोजना हो या मध्य प्रदेश की अन्यान्य परियोजनाएं हों, उन परियोजनाओं पर करोड़ों रुपए खर्च करने के बावजूद उनका लाभ नहीं मिल रहा है। इसलिए उनके बारे में मैं माननीय मंत्री महोदय से निवेदन करूंगा कि इन परियोजनाओं के बारे में ठीक से विचार करें ताकि जो करोड़ों रुपया उन पर लग रहा है, उसका फायदा देश को मिल सके क्योंकि परियोजनाओं की जो आयोजना है, जो उनकी लागत है, आपस के ि

ववाद के न सुलझने के कारण वह निरंतर बढ़ती जा रही है। एक तरफ विवाद के कारण लागत बढ़ रही है और दूसरी तरफ जो विस्थापित हो रहे हैं उनको भी फायदा नहीं पहुंच रहा है।

14.32 ण्द्धद्म (अध्यक्ष महोदय पीठासीन हुए)

माननीय अध्यक्ष महोदय, मैं माननीय मंत्री महोदय से निवेदन करना चाहता हूं कि नदी जल विवाद को सुलझाने की दृटि से विधेयक बहुत छोटा है, लेकिन यह अत्यावश्यक है, इसे पारित किया जाना चाहिए। इसलिए मैं सभी माननीय सदस्यों से आग्रह करूंगा कि यह एक ऐसा निरापद विधेयक है जिसके कारण हमारे जो नदी जल विवाद हैं, उनको ठीक प्रकार से सुलझाने के लिए एक गति प्राप्त होगी और न केवल योजनाओं को समय में पूरा कर सकेंगे बल्कि देश के विभिन्न भागों और भिन्न-भिन्न प्रदेशों को जो लाभ मिलना चाहिए, वह लाभ उन्हें हो सकेगा।

14.34 hrs.

श्री रामजीलाल सुमन (फिरोजाबाद) : अध्यक्ष महोदय, हम अन्तर्राज्यीय जल विवाद संशोधन विधेयक 2001 पर चर्चा कर रहे हैं जिसकी सिफारिश केन्द्र-राज्य संबंधों के बारे में बने सरकारिया आयोग ने की है। पानी का सवाल हमारे देश के लिए अत्यधिक महत्वपूर्ण सवाल है और सही मायने में बात यह है कि हमारे देश में पानी की कमी नहीं है। अगर इस देश में कोई संकट है, तो वह कुप्रबन्धन का है। एक तरफ बेशुमार पानी है और दूसरी तरफ सूखा है। अगर हम अपने देश के एक भाग के पानी का संचय कर लें, इकट्ठा कर लें और जहां पानी ज्यादा है, वहां से उस ज्यादा पानी को सूखे के इलाकों में डायवर्ट कर दें, भेज दें, तो मैं समझता हूं कि हमारे देश की पानी की समस्या हल हो जाएगी। हमारे देश में पानी बरसात और नदियों, दो ही तरीके से मिलता है।

बरसात का भी आधे से ज्यादा पानी हमारे देश में बेकार चला जाता है, उसका प्रयोग नहीं होता। यही हाल नदियों के पानी का है। पानी की समस्या अत्यधिक महत्वपूर्ण समस्या है।

14.35 ण्द्धद्म (श्रीमती मार्ग्रेट आल्वा पीठासीन हुईं)

देश के विकास के लिए, खास तौर से देश के आर्थिक विकास के लिए 90 के दशक में आर्थिक उदारीकरण के नाम पर प्रयास शुरू हुए लेकिन यह तथ्य सामने है कि हमारे देश में आम आदमी और ज्यादा परेशान हुआ है और यहां बेरोजगारी बढ़ी है। सरकार ने खुद स्वीकार किया है कि अगर देश को प्रगति के रास्ते पर ले जाना है, सशक्त बनाना है, आर्थिक रूप से सुदृढ़ करना है तो कृषि ही एकमात्र रास्ता है। सरकार ने देश के समुचित विकास न हो पाने के लिए सुविधाओं की कमी को स्वीकार किया है। उन सुविधाओं की कमी को स्वीकार करने के बाद सरकार ने इस देश के समुचित विकास के लिए सड़क, बन्दरगाह, यातायात, बिजली, पैट्रोलियम, स्टील, सीमेंट आदि को शामिल करके एक वृहद ढांचा तैयार किया है।

यहां जल संसाधन मंत्री बैठे हैं। मेरा उनसे विनम्र आग्रह है कि जब तक आप मूलभूत ढांचे में सिंचाई को शामिल नहीं करेंगे तब तक इस देश का कल्याण नहीं हो सकता। हमारे देश का बजट 3,75,223 करोड़ रुपये का बना है। देश के 70 प्रतिशत लोग खेती पर निर्भर करते हैं, सिंचाई खेती का प्राण है लेकिन हमारे देश में कृषि के लिए सिर्फ 3300 करोड़ रुपये आवंटित हुए हैं जो एक प्रतिशत से भी कम है। इस देश में जब तक समुचित सिंचाई की व्यवस्था नहीं होगी तब तक यहां का किसान अपने पैरों पर खड़ा नहीं हो सकता। इसलिए आज आवश्यकता है कि विकास का जो मूलभूत ढांचा हम तैयार कर रहे हैं, उसमें सिंचाई को प्राथमिकता देनी होगी।

हमारे देश में 29 प्रतिशत भूमि वेस्टलैंड है। अगर उस जमीन में पानी चला जाए, सिंचाई की व्यवस्था हो जाए तो वह जमीन भी उपजाऊ हो सकती है। हमारे देश में उसका कोई व्यवस्थित प्रयास नहीं हुआ। जैसा मैंने पहले भी निवेदन किया कि आज हालत यह है कि जहां उड़ीसा में बाढ़ से सैंकड़ों, करोड़ों रुपये का नुकसान हुआ वहीं गुजरात में सूखे से 6,881 करोड़ रुपये की फसल नट हुई। यह इस देश का अत्यधिक गंभीर सवाल है। मैं चाहूंगा कि इसके बारे में मंत्री जी ज़रा गंभीर हों। सबसे बड़ा दुखद पहलू यह है कि अब तक आपकी कोई राट्रीय जल नीति नहीं बनी है। मई के महीने में आपने विभिन्न राज्यों के लोगों को बुलाया था, सम्भवतः सिंचाई मंत्रियों को बुलाया होगा और नैशनल वाटर रिसर्च काउंसिल की मीटिंग थी। उसका एजैंडा भी था, जल के बंटवारे पर चर्चा भी हुई थी लेकिन उस पर कोई सहमति नहीं बनी। सम्भवतः आपने राज्यों के सिंचाई मंत्रियों की कोई कमेटी बना दी। आज तक उसकी कोई रिकमैंडेशन नहीं है। विभिन्न राज्य पूरा पानी चाहते हैं। इन सब सवालों पर हमारे देश में जितनी गंभीरता होनी चाहिए, उतनी नहीं है। अभी आप नया अभिकरण बनाने वाले हैं। हमारे देश में पहले से पांच ट्राइबुनल हैं। गोदावरी जल विवाद ट्राइबुनल, कृणा-नर्मदा जल विवाद ट्राइबुनल, कावेरी, गोदावरी, रावी, व्यास जल विवाद ट्राइबुनल है लेकिन वस्तुस्थिति यह है कि ट्राइबुनल्स, जिन राज्यों के बीच कोई फैसला करना होता है, वह उन पक्षों को पूरा संतुट नहीं कर पाते क्योंकि पानी के सवाल पर हर राज्य भिड़ने के लिए तैयार बैठा है। सतलुज-यमुना लिंक नहर परियोजना का जो विवाद है, जिससे पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, दिल्ली की पानी की समस्या का काफी हद कर निवारण हो सकता है, लेकिन बीसियों वर्षों से वह विवाद पड़ा हुआ है लेकिन आज तक उसका कोई परिणाम सामने नहीं आया। इसलिए इन सब मामलों पर गंभीरता के साथ विचार करने की आवश्यकता है। इस अभिकरण के बनने के बाद भी, कोई निश्चित सीमा तय नहीं करेंगे, राज्यों को तत्काल विश्वास में लेकर फैसला नहीं करेंगे, तब तक कोई अच्छा परिणाम निकलने वाला नहीं है। डा. रघुवंश जी ने ठीक ही कहा कि विवाद सिर्फ राज्यों के बीच नहीं है,

नदी जल विवाद अन्तर्राट्रीय भी हैं। नेपाल से जो नदियां बहती हैं, वे नदियां पूर्वी उत्तर प्रदेश और उत्तरी बिहार में हर साल नुकसान करती हैं तो अन्तर्राट्रीय स्तर पर भी हिन्दुस्तान को दूसरे देश की नदियों से जो हानि हो रही है, इस पर भी आपको विचार करने की आवश्यकता है। मैं आपकी मार्फत यही निवेदन करना चाहूंगा कि यह एक अच्छा प्रयास है, लेकिन जब तक आप विभिन्न राज्यों को विश्वास में नहीं लेंगे, इस देश में जब तक राट्रीय जल नीति नहीं बनेगी, तब तक इस देश में पानी की समस्या का हल नहीं हो सकता।

मैं आपसे विनम्र निवेदन करना चाहता हूं कि अगर इस देश में पानी की समस्या का हल नहीं हुआ तो इस देश में तबाही और बढ़ेगी, उसे कोई रोक नहीं सकता।

*SHRI G. PUTTA SWAMY GOWDA (HASSAN): Madam Chairman, I thank you very much for giving me an opportunity to speak on this vital Amendment Bill, the Inter-State Water Dispute (Amendment) Bill, 2001. I express my gratitude to you Madam for permitting me to speak in Kannada, my mother tongue.

Almost all the States in our country are affected by these water disputes. In some States we find severe drought prevailing and on the other hand we find the havoc of floods in some other States. Hence there is no equidistribution of water resources. Therefore, naturally there is no uniform development of States. There is an urgent need to bring a national water policy to resolve all the water disputes in the country. The Hon. Minister should bring a comprehensive Bill.

This Amendment Bill has three important aspects. The Centre should have the authority to appoint two or more

assessors. The second point is to consider the order of the tribunal equivalent to the Supreme Court order. The third point is to maintain data bank and information system at the national level for each river basin which shall include data regarding water resources, land, agriculture and matters relating thereto, as the Central Government may prescribe from time to time.

These water disputes are prevailing for the last two centuries. Some States are using more water than suggested in the Act. The people of the affected States will loose faith in democracy if this attitude continues and the Centre tries to politicalise the issue. Common people are aware of the happenings throughout the country. They have understood their rights and demand their dues. Therefore, the Centre cannot do anything they think right. They should try to know the pulse of the people of all the States.

_____*Translation of the speech originally delivered in Kannada.

This Act (1956) provides for the setting up of Tribunals when there are disputes of river waters between States. The Centre has the responsibility to collect all the related information and to pass it on to the Tribunal. The present Government at the Centre is playing tricks in this regard. It is taking sides of some States.

Madras Presidency has always deprived Mysore State from optimum utilisation of water resources. It also did not allow Mysore State to construct any dam. It went on giving one or the other reason.

One agreement was signed between the above two provinces during 1892. This was one-sided agreement. It said that Mysore has to release more water to Madras Presidency. Again another agreement was signed in 1924 between these two provinces. Again it was in favour of Madras Presidency. Later on Allahabad High Court gave a judgement regarding this river water dispute. Unfortunately this judgement was not taken seriously, particularly by Madras Presidency. Now, the Centre has set up tribunal to look into this matter. It has given its interim order stating that Karnataka has to release 205 TMC of water. How can Karnataka release 205 TMC of water if there is no sufficient rainfall in the catchment area? In fact, more water is collected in the Cauveri command area in Karnataka State. Hence, Karnataka has the right to use more water of Cauveri river.

Now, Tamil Nadu, altogether is utilising over 550 TMC of water. The position of Karnataka is not at all satisfactory. The farmers of Cauveri delta in Karnataka have already expressed their dissatisfaction in this matter. There were agitations also by the farmers opposing the interim order of the tribunal.

The same problem prevails with regard to Krishna river water also. Our neighbouring State has started construction of five major projects with the estimated expenditure of ten thousand crores. Strangely, Centre is encouraging this act of our neighbouring State. This is gross violation of he Bachawat Award and the Centre should intervene immediately and stop the construction of these five major river water projects. Our Chief Minister has already met the Hon. Prime Minister to discuss this serious matter. He has expressed his unhappiness about this new development which has taken place in our neighbouring State. The Centre should protect the rights of all States. It is the custodian of Constitution. It has the responsibility of being the guardian to all States. Karnataka is all set to knock at the doors of Supreme Court. The Karnataka Legislative Assembly in its meeting on 25.6.1991 unanimously opposed the interim order of the tribunal as it is against the interest of the people of Karnataka and natural justice. Legislative Assembly opposed the order stating that it does not come under the purview of the Tribunal. It is time to resolve such serious problems to avoid confrontation and to maintain unity and integrity of the country. The State Assembly has appealed to the Centre to bring in appropriate amendments to the 1956 Act to resolve the water disputes amicably and to give proper guidelines to the tribunal.

Sarkaria Commission has also given its suggestions in this regard. Therefore it is very essential for the Centre to see that all the water resources are distributed properly without any prejudice to any State. Then only it is possible for the States to attempt for the all round development.

The Centre is not providing necessary assistance to Karnataka to utilise the Cauvery and Krishna waters. Karnataka is also not getting the required financial assistance from the World Bank. 28 *taluks* of Cauvery command area are reeling under severe drought situation. The people of these *taluks* and cattle do not have water. This is the situation in my State. I therefore urge upon the Hon. Minister to personally study this problem very seriously and to come to the rescue of the people of Karnataka. I request him to bring a comprehensive Bill, and to announce National Water Policy without any further delay.

Madam, I thank you once again and with these words I conclude my speech.

श्री गिरधारी लाल भार्गव (जयपुर) : सभापति महोदय, राजस्थान बहुत पिछड़ा प्रदेश है। पहाड़ी है, रेगिस्तानी है और यहां की जनसंख्या, यदि आप विचार करें, इस समय के भारत वर्ा के पूरे प्रान्तों के हिसाब से राजस्थान की जनसंख्या और क्षेत्रफल सबसे ज्यादा है। राजस्थान के साथ भेदभाव हो रहा है। गाडगिल फार्मूले में भी यह कहा गया है, जो मरु क्षेत्र है, रेगिस्तानी और पहाड़ी क्षेत्र हैं, उन क्षेत्रों के लिए रियायत की जानी चाहिए। विाम परिस्थिति होने पर भी राजस्थान के साथ सौतेला व्यवहार हो रहा है। आपको सुनकर आश्चर्य होगा कि नदियों में जितना पानी है, उसका केवल एक प्रतिशत पानी ही राजस्थान को प्राप्त होता है। राजस्थान एक मरु प्रदेश है और वर्ा की हम पर कृपा नहीं है। अब की बार थोड़ी सी बारिश बाड़मेर और जैसलमेर में हुई है, अन्यथा वर्ा नहीं होती है और सारे बांध सूख गए हैं। इसलिए निवेदन है कि नदियों का पानी राजस्थान को प्राप्त हो जाए, क्योंकि राजस्थान भी भारत के नक्शे में एक बड़ा प्रदेश है, तो उसका भी भला हो सकेगा। यहां पर मेरा निवेदन करना यह है कि बड़ा प्रदेश होने के साथ-साथ यह भी कहा गया है कि सरस्वती नदी, जो लुप्त हो गई है, उस सरस्वती नदी को ठीक किया जाएगा और उसके बाद गंगा का पानी भी पूर्वी राजस्थान को दिया जाएगा। इस संबंध में जितने हमारे डिस्प्युट्स हैं, वे भी सारे तय किए जायेंगे ।

